पुनर्वास विवि व बीएसएसएस के बीच शैक्षिक करार

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि और भारतीय शिक्षा शोध संस्थान (बीएसएसएस) के बीच शैक्षिक करार किया गया है। समझौता ज्ञापन पर विवि की ओर से कुलसचिव रोहित सिंह व संस्थान की तरफ से सचिव विजय शर्मा ने हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य स्थानों के बीच बहुआयामी सहयोग को प्रोत्साहन देना है। इसमें भारतीय संस्कृति, शिक्षा, अनुसंधान, दिव्यांगजन की भागीदारी, ग्रामीण शिक्षा, और सामाजिक सौहार्द जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा। जो आगामी तीन वर्षों तक रहेगा। (संवाद)

कैम्पस

पुनर्वास विवि-बीएसएसएस में एमओयू

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा शोध संस्थान (बीएसएसएस) के बीच शैक्षिक करार किया गया है। विवि के कुलसचिव रोहित सिंह और संस्थान सचिव विजय शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों में बहुआयामी सहयोग को प्रोत्साहन देना है, जिसमें भारतीय संस्कृति, शिक्षा, अनुसंधान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

पुनर्वास विवि और भारतीय शिक्षा शोध संस्थान के बीच समझौता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने दी जानकारी

अमृत विचार: शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक समावेशिता को लेकर शनिवार को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा शोध संस्थान के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गया।

पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह साझेदारी भारत के समावेशी और मूल्यनिष्ठ शिक्षा तंत्र को सशक्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। इस समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच बहु-आयामी सहयोग को प्रोत्साहन देना है, जिसमें भारतीय संस्कृति, शिक्षा, अनुसंधान, दिव्यांगों की भागीदारी, ग्रामीण शिक्षा, और सामाजिक सौहार्द जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र कुमार द्विवेदी, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो विनोद कुमार सिंह, कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अवनीश चंद्र मिश्र, कुलानुशासक प्रो. सी के दीक्षित सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

कुसुम बत्रा का प्रोत्साहन विशेष कारगर रहा।

डा. शकुन्तला पुनर्वास विवि व भारतीय शिक्षा शोध संस्थान के बीच समझौते पर हुए हस्ताक्षर

लखनऊ। डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह की मौजूदगी में शिक्षा अनुसंधान और सामाजिक समावेशिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुनर्वास विवि व भारतीय शिक्षा शोध संस्थान के मध्य एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। यह साझेदारी भारत के समावेशी की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। इस समझौते का उद्देश्य दोनो संस्थानों के बीच बहुआयामी सहयोग को प्रोत्साहन देना है।